# हरियाणा पुलिस सिपाही, सब इंस्पेक्टर भर्ती प्रक्रिया में बड़ा उलटफेर, पहले पीएमटी होगा, फिर नोलेज टेस्ट और आखिर में पीएसटी होगा

## मंत्रिमंडल की मंजूरी सर्कुलेशन से ली जाएगी, दो सप्ताह के भीतर एचएसएससी के पास पहुंच सकता है 6000 पदों का आग्रह पत्र

### ● अब लिखित परीक्षा में 90 प्रश्न होंगे, एक प्रश्न का एक अंक होगा, गलत जवाब पर 0.25 अंक कटेंगे

डॉ. सुरेंद्र धीमान / सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 03 नवंबर : हरियाणा पुलिस की सिपाही और सब इंस्पेक्टर पदों पर सीधी भर्ती के लिए जो नियम संशोधित किए जा रहे हैं, उससे भर्ती प्रक्रिया में उलटफेर किया गया है। अब सबसे पहले फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट (पीएमटी) होगा। उसके बाद नोलेज टेस्ट होगा। अंत में फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट (पीएसटी) होगा। नोलेज टेस्ट (लिखित परीक्षा) में अब ओएमआर आधारित 90 सवाल पूछे जाएंगे। हर सवाल का एक अंक होगा। अगर उत्तर गलत हुआ तो 0.25 अंक कटेंगे। लिखित परीक्षा में हरियाणा से संबंधित जानकारी के कम से कम 20 सवाल होंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मंजूरी मिलने के बाद अब इन संशोधित भर्ती नियमों की मंत्रिमंडल से मंजूरी ली जा रही है। यह मंजूरी सर्कुलेशन के जरिए ली जा रही है। सर्कुलेशन का मतलब है कि कैबिनेट की मीटिंग बुलाने की आवश्यकता नहीं है। एक-एक मंत्री के पास यह कैबिनेट मेमोरेंडम जाएगा। उनके हस्ताक्षर होंगे। जब कोरम अनुसार मंत्रियों के हस्ताक्षर हो जाएंगे तो यह एजेंडा मंत्रिमंडल से पारित माना जाएगा। उम्मीद है कि अगले सप्ताह सर्कुलेशन से इन संशोधित नियमों को मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल जाएगी। उसके बाद डीजीपी कार्यालय की तरफ से हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पास पुरुष सिपाही के 5000 और महिला सिपाही के 1000 पदों पर चयन करने के लिए आग्रह पत्र भेजा जाएगा। उम्मीद है कि दो सप्ताह के भीतर यह आग्रह पत्र एचएसएससी के पास चला जाए। उसके बाद विज्ञापन जारी होगा। वैसे तो दिवाली 12 नवंबर को है और आग्रह पत्र भेजने में बेहद कम समय है। अगर सरकार तेजी से काम करे तो पुलिस भर्ती का इंतजार कर रहे सीईटी पास युवाओं को आग्रह पत्र भेजकर और एचएसएससी की तरफ से पद विज्ञापित कर सरकार दीवाली का तोहफा दे सकती है। मगर इसके लिए सरकार, डीजीपी कार्यालय और एचएसएससी को तेजी से काम करना पड़ेगा।

दैनिक सवेरा एक्सक्लूसिव

### अब भर्ती प्रक्रिया इस तरह होगी

पुलिस सिपाही के सभी रिक्त पदों पर सीधी भर्ती होगी जबकि सब इंस्पेक्टर के 50 फीसदी पदों पर सीधी भर्ती होगी। सिपाही के लिए 10 जमा 2 शैक्षणिक योग्यता होगी जबकि सब इंस्पेक्टर के लिए ग्रेजुएशन योग्यता होगी। भर्ती के लिए सीईटी पास होना जरूरी है। अब भर्ती प्रक्रिया इस तरह होगी :

1. सबसे पहले पीएमटी होगा। इसकी 2.5 फीसदी वेटेज होगी। यानी इसमें 2.5 अंक मिलेंगे। एचएसएससी आवेदकों में से मेरिट आधार पर पीएमटी आयोजित करेगा ताकि नोलेज टेस्ट के लिए चार गुना उम्मीदवार चयनित हो जाएं। पीएमटी मेकेनिकल और डिजिटल स्टेडियोमीटर से होगा और हाइट एक मिलीमीटर तक की एकुरेसी तक नापी जाएगी। मेकेनिकल डिवाइस से नापी गई हाइट स्वीकार्य नहीं होगी।
2. नोलेज टेस्ट : नोलेज टेस्ट 90 अंकों का होगा। नोलेट टेस्ट चार गुना उम्मीदवारों का आयोजित करेगा। इन चार गुना का चयन पीएमटी आधार पर होगा। नोलेज टेस्ट की वेटेज 90 फीसदी होगी। नोलेज टेस्ट में सामान्य कैटेगरी के लिए न्यूनतम 50 फीसदी और आरक्षित कैटेगरी के लिए न्यूनतम 40 फीसदी अंक प्राप्त करने वालों को भर्ती की अगली प्रक्रिया में पीएसटी के लिए बुलाया जाएगा।
3. पीएसटी : पीएसटी की वेटेज दो फीसदी होगी। पीएसटी डिजिटल मशीन पर मैपिंग के जरिए और आरएफआईडी डिवाइस उम्मीदवार के साथ अटैच करने के साथ होगी। पीएसटी सभी इवेंट्स की फाइनल स्टेज होगी। पीएमटी की सेकंड स्टेज पर नहीं होगा ताकि किसी भी कानूनी विवाद बढ़ सकता है। मगर मौके पर एक कमेटी गठित होगी, जिसके सामने उम्मीदवार अपनी बात रख सकेगा।

### रिजल्ट इस तरह तैयार होगा

पीएमटी के 2.5, नोलेज टेस्ट के 90, पीएसटी के 2, एनसीसी के 3, सामाजिक-आर्थिक मानदंड के 2.5 फीसदी अंक जोड़कर मेरिट आधार पर रिजल्ट तैयार होगा।

### नोलेज टेस्ट में 10 कंप्यूटर आधारित, 20 हरियाणा आधारित सवाल होंगे

नोलेज टेस्ट आब्जेक्टिव टाइप (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का होगा जिसमें 90 सवाल होंगे और समय 90 मिनट का होगा। प्रत्येक सही उत्तर पर एक अंक मिलेगा। गलत उत्तर के लिए 0.25 (एक चौथाई) अंक कटेगा। नोलेज टेस्ट हिंदी और इंग्लिन में होगा। इस नोलेज टेस्ट में जनरल स्टडीज (सामान्य अध्ययन), जनरल साइंस (सामान्य विज्ञान), करंट अफेयर्स, जनरल रीजनिंग (सामान्य तर्क), मेंटल एप्टीट्यूड (मानसिक योग्यता), न्यूमेरिकल एबिलिटी (संख्यात्मक क्षमता), एग्रीकल्चर (कृषि), एनिमल हसबेंडरी (पशुपालन), अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों/व्यापार आदि पर प्रश्न शामिल होंगे। कम से कम दस (10) प्रश्न कंप्यूटर के बुनियादी ज्ञान से संबंधित और कम से कम हरियाणा के बारे में बुनियादी जानकारी से संबंधित 20 प्रश्न होंगे। सिपाही पद के लिए प्रश्नों का स्टैंडर्ड (मानक) स्कूल शिक्षा बोर्ड, हरियाणा की 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शिक्षित व्यक्ति की अपेक्षा के अनुरूप होगा जबकि सब इंस्पेक्टर पद के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक होने वाले शिक्षित व्यक्ति की अपेक्षा के अनुरूप होगा।

### पीएसटी के यूं मिलेंगे अधिकतम 2 अंक

पीएसटी के लिए अंक इस तरह मिलेंगे। ऐसे उम्मीदवारों को अतिरिक्त वेटेज 2 फीसदी तक मिलेगी, जो समय से पहले दौड़ पूरी करेंगे। पुरुष 2.5 किलोमीटर दौड़ 12 मिनट में पूरी करेंगे। अगर कोई 11 से 11 मिनट 30 सेकंड तक पूरी करता है तो एक अंक मिलेगा और अगर 11 मिनट से कम में पूरी करता है तो 2 अंक मिलेंगे। महिला एक किलोमीटर 6 मिनट में पूरी करेगी। अगर 5 मिनट 40 सेकंड से 5 मिनट 20 सेकंड के बीच पूरी करती है तो एक अंक मिलेगा। अगर 5 मिनट 20 सेकंड से कम में पूरी करती है तो 2 अंक मिलेंगे। एक्स सर्विसमैन एक किलोमीटर 5 मिनट में पूरी करेंगे। अगर 4 मिनट 20 सेकंड से कम में पूरी की तो 2 अंक मिलेंगे, अगर 4 मिनट 40 मिनट तक पूरी की तो एक अंक मिलेगा।

### पीएमटी के लिए यूं मिलेंगे 2.5 अंक

उम्मीदवारों को हाइट और छाती माप तय मानक से ज्यादा होने पर 2.5 अंक मिलेंगे।

***एनसीसी, सामाजिक-आर्थिक मानदंड के यूं मिलेंगे अंक***

1. एनसीसी 3 फीसदी वेटेज : जो उम्मीदवार नोलेज टेस्ट में पास होंगे, उन सभी को दस्तावेज जांच के लिए बुलाया जाएगा। दूसरे सभी उम्मीदवार यहीं से बाहर हो जाएंगे। एनसीसी सर्टिफिकेट ए ग्रेड के 3, बी ग्रेड के 2 और सी ग्रेड के एक अंक मिलेंगे। एनसीसी के उच्चतर ग्रेड सर्टिफिकेट के अंक मिलेंगे।
2. सामाजिक-आर्थिक मानदंड के 2.5 अंक : सामाजिक-आर्थिक मानदंड के 2.5 फीसदी वेटेज मिलेगी। अधिकतम 2.5 फीसदी अंक मिलेंगे।

Scanned with OKEN Scanner